# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
18/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**The Pioneer (Delhi)**

# प्राकृतिक आपदा से निपटने को आरएएफ की बटालियन तैनात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



प्राकृतिक आपदा एवं अन्य बड़ी दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की एक बटालियन तैनात की गई है। आपदा के दौरान यह बटालियन बचाव कार्य में पुलिस का पूरा सहयोग करेगी। आरएएफ की बटालियन ने मंगलवार को शहर के कई थानों का दौरा कर इलाके का जायजा लिया।

पुलिस प्रवक्ता सूबेसिंह ने बताया कि प्राकृतिक आपदा और अन्य बड़ी घटना-दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आरएएफ की 194 नंबर बटालियन को फरीदाबाद जिले में तैनात किया गया है। आरएएफ की बटालियन मंगलवार को असिस्टेंट कमांडेंट लालचंद शर्मा के नेतृत्व में बल्लभगढ़ उपमंडल पहुंची। बटालियन के जवानों ने बल्लभगढ़ में लगने थाना शहर, आदर्श नगर, छांयसा और थाना सदर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इन थानों के प्रभारियों से इलाके की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। पूरे जिले की भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेने के लिए बटालियन अन्य थानों का भी दौरा करेगी।

Satyajai Times (Delhi)

# आर.ए.एफ ने ली थानों के एरिया की जानकारी



**फरीदाबाद, 16 जुलाई, सत्यजय टाईम्स/प्रियंका।** आर ए एफ की 194 नंबर बटालियन ने बल्लभगढ़ तहसील में आने वाले सभी थानों में जाकर एरिया की ली जानकारी। दरअसल आर ए एफ की 194 नंबर बटालियन फरीदाबाद में प्राकृतिक आपदा के समय फरीदाबाद पुलिस का साथ देने के मध्य नजर तैनात की गई है। आर ए एफ फोर्स असिस्टेंट कमांडेंट लालचंद शर्मा ने अपनी टीम सहित आज बल्लभगढ़ तहसील में आने वाले थाना शहर बल्लभगढ़, आदर्श नगर, छायंसा, सदर बल्लभगढ़ का विजिट किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आर ए एफ की टीम फरीदाबाद के सभी थानों का भौगोलिक क्षेत्र की जानकारी हासिल करेगी ताकि प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़, एवं अन्य के समय जल्द से जल्द वहां पर पहुंचा जा सके और रिसक्यू अभियान चलाया जा सके।

## Punjab Kesri (New Delhi)

# अतीक अहमद के यहां CBI की छापेमारी





प्रयागराज,(भाषा): समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद और बाहुबली अतीक अहमद के आवास और कार्यालय पर केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने बुधवार की सुबह छापा मारा।

अतीक अहमद के वकील सौलत हबीब ने बताया कि पुलिस, आरएएफ और सीबीआई की टीम सुबह करीब 7:30 बजे अतीक अहमद के आवास और उनके कार्यालय पर पहुंची। बाहर से किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है और अंदर से किसी को बाहर नहीं आने दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अतीक के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं इसलिए यह नहीं बताया जा सकता कि सीबीआई किस मामले में यहां पहुंची है। अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर छापेमारी की गई। पुलिस अधीक्षक (नगर) बृजेश श्रीवास्तव ने इस छापेमारी के बारे में अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि सीबीआई का छापा किस मामले को लेकर पड़ा है, उन्हें पता नहीं है। गौरतलब है कि सीबीआई ने एक कारोबारी के कथित अपहरण की साजिश रचने के मामले में हाल ही में पूर्व सांसद अतीक अहमद के एक करीबी सहयोगी जफर उल्लाह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद पिछले महीने मामला दर्ज किया गया था। अतीक अहमद 2004 से 2009 तक उत्तर प्रदेश की फूलपुर सीट से लोकसभा सांसद रहे।

## Amar Ujala (Prayagraj,UP)

# रात में ही पहुंच गई थी सीबीआई टीम सुबह बुलाई गई आरएएफ और पीएसी

**प्रयागराज।** सीबीआई की टीम मंगलवार की रात को ही पहुंच गई थी। एसएसपी और एसपी सिटी समेत सिर्फ उच्चाधिकारियों को ही इसकी जानकारी थी। पीएसी और आरएएफ के अधिकारियों को रात में ही फोर्स भेजने को कह दिया गया था। हालांकि उन्हें कहा जाना है, यह नहीं बताया गया था।

मंगलवार को देवरिया में कई जगह सीबीआई टीम ने छापेमारी की थी। इसके बाद से ही तय था कि सीबीआई यहां पर भी अतीक के ठिकानों पर छापेमारी करेगी। मंगलवार को इस बारे में अतीक के वकीलों ने घर वालों को बताया था कि सीबीआई टीम कभी भी यहां आ सकती है। सीबीआई टीम मंगलवार की रात यहां पहुंची तो टीम के एसपी ने एसएसपी अतुल शर्मा और एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव से मुलाकात की। अतीक के घर और दफ्तर के आस पास बड़ी संख्या में उसके समर्थकों के होने की आशंका थी। इस कारण आरएएफ और



पीएसी को रात में ही काल कर लिया गया था। टीमें सुबह पांच बजे पुलिस लाइन पहुंच गई थीं। इसके बाद शहर से तमाम थानों की फोर्स को बुलाया गया। रणनीति यह बनाई गई कि चारों ओर से घर को घेर लिया जाएगा। कार्रवाई के समय न तो किसी को अंदर घुसने दिया जाएगा और न ही किसी को बाहर निकलने दिया जाएगा।

# Hindustan (Prayagraj,UP)

देवरिया कांड में बड़ी कार्रवाई: पूर्व सांसद के घर, ऑफिस व ससुराल में 12 घंटे तलाशी

# अतीक के छह ठिकानों पर सीबीआई का छापा

## साला गिरफ्तार

प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता

अहमदाबाद जेल में बंद पूर्व सांसद अतीक अहमद के बंगले, दफ्तर, ससुराल और लखनऊ में उनके सीए और एक करीबी के यहां बुधवार को सीबीआई ने छापेमारी की। छापे की कार्रवाई प्रयागराज में पांच व लखनऊ में दो स्थानों पर एक साथ सुबह 7:30 बजे शुरू की। सीबीआई टीम ने मोहल्लिमगंज में अतीक के कैशियर फारूख और खुल्दाबाद में पीआरओ जफर उल्लाह के घर भी छापा मारा। शाम को सीबीआई टीम अतीक के साले जकी अहमद को गिरफ्तार कर साथ ले गई।

अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन बेटे अली अहमद, असद अहमद, ऐजम व आबान बुधवार सुबह सोकर जागे ही थे कि 7:30 बजे आरएएफ व पीएसी के साथ सीबीआई ने दस्तक दी। सीबीआई के आठ अफसर भारी फोर्स लेकर अंदर दाखिल हुए। फोर्स ने पूर्व सांसद के बंगले के दोनों तरफ दूर तक घेराबंदी कर बंगले के पीछे के गेट पर भी पहरा डाल दिया। छापे के दौरान किसी को बंगले में न प्रवेश दिया न ही बाहर जाने दिया। टीम ने दोपहर में तिजोरी व बक्सों के ताले काटने के लिए कटर मंगाया गया। छापे के दौरान पूर्व सांसद की बहन शाहीन व वकील खान सौलत हनीफ को भी अंदर नहीं जाने दिया। घर से आठ लाख कैश, पासबुक, 9 चेकबुक, 4 रजिस्टर जब्त किया गया है। सीबीआई की एक टीम ने अतीक की ससुराल में छापा मारा। इस दौरान घर पर अतीक के ससुर और महिलाएं मौजूद रहीं। शाम को सीबीआई टीम ने वहीं से अतीक के साले जकी अहमद को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एक टीम चकिया कर्बला में अतीक के दफ्तर पहुंची। वहां तैनात कर्मचारी से ताला खुलवाकर टीम अंदर दाखिल हुई। दो माले के दफ्तर में हर कमरे खंगाले गए। तीनों जगहों पर टीम देरशाम तक छानबीन में जुटी रही।

इधर लखनऊ में भी सीबीआई ने कृष्णालोक कॉलोनी निवासी अतीक के सीए और इंदिरानगर ब्लाक ए में रहने वाले उनके करीबी पीके सिंह के घर छापेमारी की।

संबंधित खबरें पेज 02 व 03



पूर्व सांसद अतीक अहमद के घर से निकलती सीबीआई और पुलिस की टीम। • हिन्दुस्तान



अतीक अहमद।



अतीक अहमद के चकिया स्थित घर से जांच के बाद शाम को बाहर निकलती सीबीआई टीम और पुलिस के अधिकारी। • हिन्दुस्तान



आवास के पिछले हिस्से में तैनात रहे आरएएफ के जवान। • हिन्दुस्तान



पूर्व सांसद अतीक अहमद के चकिया स्थित आवास पर तैनात आरएएफ के जवान। • हिन्दुस्तान

**Hindustan (Prayagraj,UP)**

# सुबह 5 बजे ही पुलिस लाइन में बुलाई फोर्स

प्रयागराज। सीबीआई की शहर में पांच जगह रेड के लिए फोर्स सुबह पांच बजे ही पुलिस लाइन में बुला ली गई। इसमें एक कंपनी आरएएफ के साथ ही पुलिस और पीएसी के जवान लगे। महिला कांस्टेबल भी टीम में रखी गई। बवाल की आशंका के मद्देनजर एक कंपनी आरएएफ रिजर्व में भी तैयार रखी गई। बवाल की आशंका के मद्देनजर वज्र भी चकिया में ले जाया गया था।




बुधवार को चकिया स्थित आवास पर सीबीआई के छापेमारी के दौरान आरएएफ की महिला सिपाहियों को भी तैनात किया गया।



बुधवार को पूर्व सांसद अतीक अहमद के आवासीय परिसर में जांच करते सीबीआई के अधिकारी। • हिन्दुस्तान

**Dainik Jagran (Prayagraj,UP)**

# अतीक के छह ठिकानों पर सीबीआइ का छापा

## लखनऊ के कारोबारी को अगवा कर देवरिया जेल में पीटने का मामला

- अतीक के घर से मिले 10 लाख और कई संपत्तियों के दस्तावेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज : सीबीआइ ने देवरिया जेल में लखनऊ के रियल इस्टेट कारोबारी को पीटने व अहम दस्तावेजों में जबरन हस्ताक्षर कराने के मामले में बुधवार को आरोपित बाहुबली पूर्व सांसद अतीक अहमद के प्रयागराज स्थित घर, दफ्तर व ससुराल समेत छह ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। प्रयागराज में एक अन्य आरोपित फारूख के आवास के अलावा लखनऊ में इंदिरानगर स्थित अतीक के अकाउंटेंट के आवास तथा महानगर में एक सीए के दफ्तर में लंबी छानबीन की गई। सीबीआइ ने अतीक के घर से करीब 10 लाख रुपये, कई संदिग्ध दस्तावेजों के अलावा अन्य ठिकानों से भी घटना से जुड़े अहम साक्ष्य जुटाये हैं।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआइ लखनऊ की स्पेशल क्राइम ब्रांच ने 12 जून को अतीक अहमद व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। सीबीआइ ने 28 दिसंबर 2018 को लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल की ओर से कृष्णानगर कोतवाली में अतीक अहमद समेत अन्य के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआइआर को अपने केस का आधार बनाया था। सीबीआइ ने बुधवार को इस केस की कड़ियां खंगालने के लिए छह ठिकानों में ताबड़तोड़ छापे मारकर कई दस्तावेज जुटाये हैं।

आरोप है कि मोहित जायसवाल की एमजे इंफ्रा हार्वेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, एमजे इंफ्रा ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड, एमजे इंफ्रा लैंड एलएलपी तथा एमजे इंफ्रा स्टेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों को अतीक के गुर्गे फारूख और जकी ने जबरन अपने नाम ट्रांसफर करवा लिया है। मोहित व उनकी पत्नी के डिजिटल हस्ताक्षर भी जबरन ले लिये गये थे। बताया गया कि सीबीआइ ने महानगर क्षेत्र में कृष्णा कालोनी स्थित सीए [illegible] के दफ्तर पहुंचकर [illegible] की। [illegible] कंपनियों के ट्रांसफर की प्रक्रिया से जुड़े कुछ दस्तावेज भी जुटाये। सीबीआइ ने पुलिस, इंदिरानगर स्थित अकाउंटेंट पवन कुमार सिंह के घर पर छापा मारकर लंबी छानबीन की और कई दस्तावेज कब्जे में लिये। पूर्व का आरोप है कि



प्रयागराज में छापेमारी के बाद अतीक अहमद के चकिया स्थित आवास से बाहर निकलती सीबीआइ की टीम। जागरण

## अतीक का साला गिरफ्तार, पत्नी व बेटे से भी हुई पूछताछ

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : सीबीआइ के 40 सदस्यीय दल ने अतीक अहमद के चकिया स्थित घर, कार्यालय, ससुराल और करीबियों के यहां एक साथ छापामारी की। रात पौने आठ बजे सीबीआइ अफसरों ने कार्रवाई खत्म की। इस दौरान अतीक के साले जकी अहमद को गिरफ्तार कर सीबीआइ अपने साथ ले गई। सीबीआइ छापे में सबसे ज्यादा गहमागहमी अतीक के चकिया स्थित आवास पर रही। इसी मकान में उनके भाई फरार अशरफ का परिवार रहता है। करीब पंद्रह अधिकारी घर की तलाशी करते रहे। अफसरों ने अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और बेटे अली से पूछताछ की। अलमारी, लॉकर, तिजोरी, बक्से, ब्रीफकेस तक खंगाले गए। कंप्यूटर, लैपटाप समेत सभी दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया। दोपहर में सीबीआइ ने पुलिस के मार्फत ताला खोलने वाले कारीगरों को बुलाया। घर के साथ ही सीबीआइ की दूसरी टीम चकिया मोड़ पर स्थित उनके कार्यालय में भी तलाशी लेती रही। वहां भी अफसरों ने कंप्यूटर, सीडी, डीवीडी समेत तमाम दस्तावेज कब्जे में ले लिए। तीसरी टीम चकिया में ही स्थित अतीक की ससुराल में छापामारी करती रही। उनके साले जकी अहमद समेत अन्य लोगों से लंबी पूछताछ की। जकी भी मोहित जायसवाल मामले में नामजद है। चौथी टीम ने बादशाहीमंडी में रहने वाले अतीक के पीए मो. फारूख के यहां छापामारी की। एक टीम खुल्दाबाद में पूर्व सांसद के करीबी जफरउल्ला के यहां छापामारी को पहुंची। फारूख और जफरउल्ला के यहां से तमाम दस्तावेज कब्जे में लिए। अतीक और अशरफ के आवास पर सीबीआइ अफसरों को लाखों के गहने, कैश, प्रापर्टी के दस्तावेज, दर्जनों गाड़ियों के कागजात और दूसरे शहरों, राज्यों में खरीदी गई संपत्तियों का ब्योरा मिला है। सीबीआइ अफसरों ने पुलिस और मीडिया को छापामारी से दूर रखा। किसी को घर जाने की इजाजत नहीं मिली। अतीक के परिवार के लोगों, वकीलों को भी पुलिस ने लौटा दिया गया। रात पौने आठ [illegible] अफसर अतीक अहमद के घर और ससुराल से निकले।

सीबीआइ मोहित की कंपनियों को हड़पने के सिलसिले में गये ताने-बाने में अकाउंटेंट की भूमिका की भी जांच कर रही है।

11 घंटे सीबीआइ ने खंगाली फाइलें, [illegible] >> 04



चकिया में जांच करने के बाद लौटती सीबीआइ टीम । जागरण

## Utter Gujarat Samay (Gujarat)

### ગાંધી આશ્રમથી નીકળેલા સીઆરપીએફના જવાનોની સાયકલયાત્રાનું ઊંઝામાં ભવ્ય સ્વાગત કરાયું

# 23 સાયકલિસ્ટો 982 કિમીનું અંતર કાપી દિલ્હી પહોંચશે









**નવગુજરાત સમય > ઊંઝા**

રાષ્ટ્રપિતા મહાત્મા ગાંધીજીની 150મી જન્મજયંતીની ઉજવણી નિમિત્તે તેમજ સેન્ટ્રલ રિઝર્વ પોલીસ ફોર્સના 81માં સ્થાપના દિવસ સમારોહ નિમિત્તે ગાંધી આશ્રમ અમદાવાદથી સ્વચ્છ ભારત મિશન અને જળ સંચય તેમજ સામાજીક ભાઈચારાની ત્રણ થીમ પર આધારિત નીકળેલ આએએફના જવાનોની સાયકલયાત્રા મંગળવારે બપોરના સમયે ઊંઝા શહેરના ગાંધી ચોક ખાતે આવી પહોંચતાં ઊંઝા શહેર અને તાલુકાના વહીવટીતંત્ર દ્વારા સાયક્લિસ્ટોનું રંગ દે બસંતી ગીતના તાલે કુમકુમ તિલક કરી સુતરની આંટી પહેરાવી ભવ્ય સ્વાગત કરવામાં આવ્યું હતું.

ઊંઝા શહેરના ગાંધી ચોકમાં આવેલ ગાંધીજીની પ્રતિમાને સીઆરપીએફના ઉચ્ચ ઓફિસરો દ્વારા સુતરની આંટી પહેરાવી હતી તેમજ ઊંઝાની જીમ કન્યા વિદ્યાલય અને ભરત નગર પ્રાથમિક શાળાના બાળકો દ્વારા સાંસ્કૃતિક કાર્યક્રમ અને વૈષ્ણવ વજન તો તેને રે કહીએ ભજન ગાવામાં આવ્યું હતું. સીઆરપીએફના ડેપ્યુટી કમાન્ડર પવન કુમારે સીઆરપીએફ અંગે બાળકો અને નાગરિકોને વિસ્તૃત માહિતી આપી હતી સીઆરપીએફ દ્વારા ઊંઝા એપીએમસીના ચેરમેન દિનેશભાઈ પટેલ અને ઊંઝા તાલુકા પંચાયત પ્રમુખ વિપુલભાઈ પટેલને સ્મૃતિ ચિહ્ન આપવામાં આવ્યું હતું. ગાંધી આશ્રમથી નિકળેલ જવાનોની આ સાયકલ યાત્રામાં કુલ 23 જવાનો જોડાયા હતા. જેમાં 5 મહિલાઓનો સમાવેશ થાય છે. અમદાવાદથી નવી દિલ્હી વચ્ચેનું 982 કીમીનું અંતર 13 દિવસ માં કાપવામાં આવશે તેમજ સ્વચ્છતા અભિયાન અને જળ સંચય અને સામાજિક ભાઈચારોના સંદેશનો દરેક સ્થળે પ્રચાર પ્રસાર કરવામાં આવનાર છે. ઊંઝા એપીએમસીના ચેરમેન દિનેશભાઈ પટેલએ પણ સંકટ સમયની સાંકળ એવા સીઆરપીએફના જવાનોની કામગીરીને બિરદાવી હતી.



તસવીર : વિનોદ સેનમા

સીઆરપીએફના જવાનો આજે ઊંઝા નજીક આવેલ કામલી ખાતેના બ્રહ્મણી મંદિરે રાત્રી રોકાણ કરશે અને બુધવારે સવારે રેલી આગળ પ્રસ્થાન થનાર છે. આ કાર્યક્રમમાં સીઆરપીએફના સીએમઓ ડો.રાજેશ ગુપ્તા, ડેપ્યુટી કમાન્ડર પવનકુમાર તેમજ મનોજકુમાર અને ઊંઝા મામલતદાર એન.એસ.દિયા, ઊંઝા ટીડીઓ ડો.રાજેશભાઈ પટેલ, ઊંઝા નગરપાલિકા ચીફ ઓફિસર એમ.એન. ગઢવી, ઊંઝા નગરપાલિકાના પૂર્વ ઉપ પ્રમુખ રાકેશભાઈ પટેલ, ઊંઝા ટીપીઓ વિજયભાઈ જાદવ સહિતના અધિકારીઓ અને વિવિધ શાળાના બાળકો અને નાગરિકો મોટી સંખ્યામાં ઉપસ્થિત રહ્યા હતા.

## Dainik Bhaskar (Abu Road,Raj.)



Times Of India (Ahmadabad)

# PEDALLING TO NEW DELHI

Yogesh Chawda




The cycle expedition organized by 100 Battalion RAF, CRPF was flagged off from the Sabarmati Ashram on Tuesday. The expedition will culminate at India Gate in New Delhi. The expedition will commemorate the 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

## मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर श्रावणी मेला का किया उद्घाटन, कहा

# श्रावणी मेला को मिलेगी कुंभ की तरह प्रसिद्धि

संवाददाता ▷ देवघर/रांची

बोलबम की जयघोष तथा स्वच्छता व विनम्रता के मूलमंत्र के साथ श्रावणी मेला 2019 की शुरुआत हुई. झारखंड-बिहार का प्रवेश-द्वार दुम्मा में मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन तथा फीता काट कर उद्घाटन किया. इसके बाद प्रवेश-द्वार को कांवरियों के आवागमन के लिए खोल दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले में स्वच्छता की चर्चा आज विश्व में हो रही है. इससे प्रयागराज गौरवान्वित हुआ है. ठीक उसी प्रकार देवघर की स्वच्छता और विनम्रता की चर्चा विश्व में होनी चाहिए. देवघर श्रावणी मेला की प्रसिद्धि भी कुंभ की तरह होगी, इसको लेकर बाबानगरी को विकसित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा : देवघर अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो, इस निमित्त केंद्र और राज्य सरकार कार्य कर रही हैं. देवघर टूरिज्म के क्षेत्र में दुनिया में पहचान बनायेगा. देवघर व आसपास के पर्यटक स्थलों को विकसित किया जायेगा.



देवघर में श्रावणी मेला के पहले दिन 50 हजार कांवरियों ने किया जलाभिषेक.

## सावन के पहले दिन डेढ़ लाख कांवरिये बाबाधाम गये

**सुल्तानगंज.** सावन के पहले दिन बुधवार को जमकर बारिश हुई, जिससे तल्ख मौसम में नरमी आयी. सावन की पहली फुहार के बीच पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाकर लगभग एक लाख 50 हजार कांवरिया बाबाधाम के लिए रवाना हुए. विभिन्न स्थानों से आये कांवरियों ने पहले सावन को गंगाजल उठाया. बोल बम नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है. यहां सुरक्षा के विशेष उपाय किये गये हैं. गंगा में किसी तरह की अनहोनी नहीं हो. इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है. रास्ते में भी कांवरियों का ख्याल रखा जा रहा है.

## श्रावणी मेला से श्रेष्ठ भारत की कल्पना साकार होगी

**बासुकीनाथ/ रांची.** बासुकीनाथ में श्रावणी मेला का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि श्रावणी मेला के जरिये श्रेष्ठ भारत की कल्पना साकार हो सकती है. राष्ट्र विरोधी शक्तियों से निबटना होगा. कृषि आशीर्वाद योजना को लेकर किसानों के बीच गलत प्रचार करनेवाले को जेल भेजना होगा. उन्होंने ओलचिकी भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति दो सप्ताह में करने की बात कही. सीएम ने कहा : बासुकीनाथ शिवगंगा का सौंदर्यीकरण किया जायेगा. तारापीठ, मलुटी, बासुकीनाथ एवं देवघर को विकसित कर यहां पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा. झारखंड तेजी से विकास की ओर अग्रसर है. राज्य को नई ऊंचाई पर ले जाना सरकार का लक्ष्य है. इसके साथ ही सीएम ने 40 करोड़ 56 लाख 52 हजार की योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन एवं शिलान्यास किया.

## Dainik Jagran (Deoghar,JKD)


### जिनकी जहां ड्यूटी लगायी जाए, ईमानदारीपूर्वक करें कार्य, रूट लाईन में हो रही गतिविधियों पर रखें विशेष नजर

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : आईजी

देवघर | कार्यालय संवाददाता



देवघर में मंगलवार को सूचना भवन के सभागार में संबोधित करते आईजी रंजीत प्रसाद व मौजूद पुलिस पदाधिकारीगण। • हिन्दुस्तान



श्रावणी मेला, 2019 की तैयारियों को लेकर पुलिस महानिरीक्षक रंजीत प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा-व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूचना भवन सभागार में डीएसपी व वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी डीएसपी व वरीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में जहां भी उनकी प्रतिनियुक्ति की गई है, वहां ईमानदारी व पूरे कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। रूट लाइन में हो रही गतिविधियों पर विशेष नजर रखें, ताकि विधि-व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर उन्होंने सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गत वर्षों के श्रावणी मेला से सीख लेते हुए कार्य करने की आवश्यकता है।

**ओपी प्रभारी नहीं बरतें कोताही : डीआईजी-** बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने कहा कि मेला क्षेत्र में जो भी ओपी प्रभारी हैं उनको किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अनुशासन तोड़ता है तो अगले ही दिन सरकार के तरफ से उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

**शहर के अंदर 54 स्थानों पर ड्रॉप गेट : एसपी-** बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिनियुक्त यदि किसी भी कर्मी द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बरती गयी तो सरकार द्वारा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह से श्रावणी मेले के सफल संचालन को लेकर तैयार है। मेला में ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शहर के अंदर 54 स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाये गये हैं। सभी ड्रॉप गेट पर यातायात जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। समीक्षा बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी देवघर विकास कुमार श्रीवास्तव, हेड क्वार्टर डीएसपी, सीसीआर डीएसपी अजय कुमार सिन्हा, साइबर डीएसपी नेहा बाला व पुलिस अधिकारी और बाहर से आये विभिन्न पुलिस पदाधिकारीगण आदि थे।

**Samaja (Keonjhar,Odisha)**

# ରାପିଡ ଆକ୍ସନ୍ ଫୋର୍ସର ସଦ୍‌ଭାବନା ଅନୁଧ୍ୟାନ




ଚମ୍ପୁଆ,୧୭।୭(ସ.ପ୍ର): ଚମ୍ପୁଆ ସଦର ମହକୁମାରେ ଆଜି ରାପିଡ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସର ସାମ୍ପ୍ରଦାୟିକ ସଦଭାବନା ଅନୁମାନ କରିଛନ୍ତି। ଚମ୍ପୁଆ ଥାନାରେ ଆଇ.ଆଇ.ସି ମନୋରଂଜନ ପ୍ରଧାନଙ୍କ ଅଧ୍ୟକ୍ଷତା ଅନୁଷ୍ଠିତ ବୈଠକରେ ଉଭୟ ହିନ୍ଦୁ ଓ ମୁସଲିମ ସମ୍ପ୍ରଦାୟ ଯୁବକଙ୍କୁ ଡକାଇ ଏକ ଶାନ୍ତି କମିଟି ବୈଠକ ଆହୁତ ହୋଇଥିଲା। ଶାନ୍ତି କମିଟି ସଭ୍ୟଙ୍କ ସହ ଆସିଷ୍ଟାଣ୍ଟ କମାଣ୍ଡେଣ୍ଟ ରାଜେନ୍ଦ୍ର କୁମାର,ଇନ୍ସପେକ୍ଟର ଏମ. କେ.ମୁଣ୍ଡ ଓ ସବଇନ୍ସପେକ୍ଟର ମୁରଲି ବିଶ୍ୱାସ ଆଲୋଚନା କରିଛନ୍ତି। ଏହି ବାଟାଲିୟନ ତା୧୫/୭ରୁ ୨୧/୭ ତାରିଖ ପର୍ଯ୍ୟନ୍ତ ବିଭିନ୍ନ ସ୍ଥାନରେ ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ଅନୁମାନ କରିବ ବୋଲି ଜଣାପଡିଛି। ୧୦୬ ବାଟାଲିୟନ ର୍‍ୟାପିଡ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ (ସି.ଆର.ପି) ଏ କମ୍ପାନୀ ପକ୍ଷରୁ ଏହାଏକ ସାମାଜିକ କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମ ବୋଲି ସୂଚନା ଦିଆଯାଇଛି। ଉଭୟ ସଂପ୍ରଦାୟର ପ୍ରମୁଖ ବ୍ୟକ୍ତି ବିଶେଷଙ୍କ ସହ ବର୍ତ୍ତମାନ, ପୂର୍ବ ଓ ପର ପରିସ୍ଥିତି ସମ୍ବନ୍ଧରେ ଆଲୋଚନା କରିଥିଲେ। ଉଭୟ ସଂପ୍ରଦାୟର ଭାଇଚାରା ବଜାଇ ରଖିବା ପାଇଁ ପରାମର୍ଶ ଦେବା ସହିତ ଆଲୋଚନା ମାଧ୍ୟମରେ ପ୍ରସ୍ତୁତ ଡାଟାକୁ ଗୃହମନ୍ତ୍ରାଳୟକୁ ପଠାଜିବ ବୋଲି ସୂଚନା ଦେଇଥିଲେ। ଏହି କାର୍ଯ୍ୟକ୍ରମରେ ଏମ.ଡି ମୁନି,ଏମ.ଡି ଫାୟାଜ ଅହମ୍ମଦ,ସତ୍ୟବାନ କର,ଧିରେଜ ଲାଲ ଚାଉଡା,ସୁବାସ ରାମ,କାଶିନାଥ ବେହେରା, ତାଲୁକ ଆଇନ ସେବା କମିଟି ସ୍ୱେଚ୍ଛାସେବୀ ରାମକୃଷ୍ଣ ଜିତ ଆଦି ଉପସ୍ଥିତ ଥିଲେ।

**Dharitri (Jagatsinghpur,Odisha)**

# ପାରାଦୀପରେ ଆରଏଏଫ୍‌ର ଫ୍ଲାଗମାର୍ଚ୍ଚ



ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ ପକ୍ଷରୁ ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ କରାଯାଉଛି।

ପାରାଦୀପ,୧୭।୭(ସ୍ୱ.ପ୍ର.)

ପାରାଦୀପରେ ଥିବା ୫ ଥାନା ଅଞ୍ଚଳରେ ବୁଧବାର ରାପିଡ୍ ଆକ୍ସନ ଫୋର୍ସ (ଆରଏଏଫ୍) ପକ୍ଷରୁ ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ ହୋଇଛି। ସଶସ୍ତ୍ର ଯବାନ ସହରାଞ୍ଚଳରେ ଏପରି ଫ୍ଲାଗ୍‌ମାର୍ଚ୍ଚ କରିବାକୁ ନେଇ ବିଭିନ୍ନ ଆଲୋଚନା ଜୋର ଧରିଛି। ଏ ସମ୍ପର୍କରେ ପାରାଦୀପ ମଡେଲ ଥାନାଧିକାରୀ ରଜନୀକାନ୍ତ ସାମଲଙ୍କୁ ପଚାରିବାରେ ସେ କହିଥିଲେ, ଏହା ରୁଟିନ୍ ୱାର୍କ। ଜିଲା ସାରା ଏପରି କରାଯାଉଛି। ସମାଜରେ ଦୁର୍ବଳବର୍ଗଙ୍କୁ ସାହାସ ଓ ଅପରାଧ ମାନସିକତା ଥିବା ବ୍ୟକ୍ତି ମଧ୍ୟରେ ଭୟ ସଞ୍ଚାର ପାଇଁ ବେଳେବେଳେ ଏଭଳି କରାଯାଏ। ଏହାଦ୍ୱାରା କେହି ଭୟଭୀତ ବା ଆଶଙ୍କା ପ୍ରକାଶ କରିବାର କାରଣ ନାହିଁ।

Flag march with civil police at Keonjhar & Jagatsinghpur, Odisha

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**